# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

## विज्ञप्ति संख्या – पी.आर. 16 / 2024 का
## शुद्धि पत्र (Corrigendum)

**बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा संचालित कोचिंग के लिए किराये के आधार पर लगभग 100 छात्र एवं 100 छात्राओं के आवासन के लिए छात्रावास हेतु दिनांक 13.01.2024 को दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित निविदा सूचना संख्या - पी.आर. 16/2024 के संदर्भ में आवश्यक संशोधन की सूचना**

वित्तीय निविदा प्रपत्र के पार्ट–1 एवं पार्ट–2 में अंकित ''प्रति विद्यार्थी प्रतिदिन'' को ''प्रति विद्यार्थी प्रति माह'' साथ ही पार्ट–2 में अंकित भोजन सहित आवासन के लिए माँगे गए दर को आवासन दर तथा भोजन दर को अलग–अलग किया जाता है।

2. उक्त प्रकाशित निविदा के लिए Pre-Bid Meeting का आयोजन **दिनांक 22.01.2024 को अपराह्न 03:00 बजे** निर्धारित की जाती है।

3. अद्यतन निविदा प्रपत्र website: **https://biharboardonline.bihar.gov.in/** पर देखा जा सकता है।

**सचिव**

प्रभात खबर
Sat, 20 January 2024
https://epaper.prabhatkhabar.cc

# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

## निविदा सूचना संख्या – पी.आर. 16/2024

## पटना शहर में किराये (Rent) के आधार पर 100 छात्रों एवं 100 छात्राओं के लिए छात्रावास (Hostel) की आवश्यकता

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा मेधावी छात्र/छात्राओं के लिए इंजीनियरिंग एवं मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी के निमित्त संचालित निःशुल्क कोचिंग (अनुशिक्षण) कार्यक्रम हेतु आगामी मार्च/अप्रैल, 2024 से लगभग 100 छात्र एवं 100 छात्राओं के लिए अलग–अलग छात्रावास की आवश्यकता है। उक्त कार्य हेतु इच्छुक एवं निबंधित प्रतिष्ठानों, ट्रस्ट/सोसाईटी/कम्पनी/मकान मालिक/किसी संस्थान के प्रबंधक/प्रधान से निबंधित डाक/कुरियर/स्पीड पोस्ट/हाथों–हाथ के द्वारा **सचिव, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति (मुख्य भवन), सिन्हा लाइब्रेरी रोड, पटना–800017** के पते पर बंद लिफाफा में निविदा आमंत्रित की जाती है।

**2.** निविदा प्रपत्र समिति की website: **https://biharboardonline.bihar.gov.in/** से डाउनलोड किया जा सकता है अथवा समिति के मुख्य भवन स्थित भंडार शाखा (माध्यमिक), सिन्हा लाईब्रेरी रोड, पटना से हाथों–हाथ भी प्राप्त किया जा सकता है।

**3.** निविदादाता **दिनांक 27.01.2024** को **04:00** बजे अपराह्न तक निविदा प्रपत्र (निविदा हेतु शर्त्तों के संदर्भ में वांछित साक्ष्यों के साथ) को पूर्णरूपेण भरते हुए बन्द लिफाफे को समिति कार्यालय के मुख्य भवन में अपर सचिव, भंडार (माध्यमिक) के कार्यालय कक्ष में हाथों–हाथ अथवा निबंधित डाक/ कुरियर/ स्पीड पोस्ट द्वारा भी उक्त तिथि तक जमा किया जा सकता है।

**4.** निविदा प्रपत्र के साथ ₹10,000/- (दस हजार) रूपये का अग्रधन की राशि का बैंक ड्राफ्ट, सचिव, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के पदनाम से, जो पटना में भुगतेय हो, संलग्न करना अनिवार्य होगा।

**5.** सचिव, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना को बिना कारण बताये निविदा रद्द करने का पूर्ण अधिकार होगा।

**सचिव**

प्रभात खबर
Sat, 13 January 2024
https://epaper.prabhatkhabar.com/c/74333949

# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

## बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा संचालित कोचिंग के लिए किराये के आधार पर लगभग 100 छात्र एवं 100 छात्राओं के आवासन के लिए छात्रावास का निविदा प्रपत्र

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा मेधावी छात्र/छात्राओं के लिए इंजीनियरिंग एवं मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं के तैयारी हेतु निःशुल्क कोचिंग (अनुशिक्षण) कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा है। इस हेतु आगामी मार्च/अप्रैल, 2024 से लगभग 100 छात्र एवं 100 छात्राओं के आवासन के लिए अलग–अलग छात्रावास की आवश्यकता है।

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा ट्रस्ट/ सोसाईटी/ कम्पनी/ मकान मालिक/ किसी संस्थान के प्रबंधक/ प्रधान से निम्नांकित शर्त्त एवं विवरणी के आधार पर निविदा आमंत्रित की जाती है :–

### (I) निविदा के मुख्य बिन्दु :–

1. निविदादाता द्वारा छात्र तथा छात्राओं के लिए अलग–अलग निविदा समर्पित की जा सकती है। मात्र एक छात्रावास (एक सौ) के लिए भी निविदा समर्पित की जा सकती है ।
2. छात्र तथा छात्राओं का छात्रावास अलग–अलग होना अनिवार्य है।
3. छात्रावास में आवासन (लगभग 100 छात्र/छात्रा) हेतु पर्याप्त स्थान एवं सुरक्षित जगह होना चाहिए।
4. छात्रावास एक चाहरदिवारी के अंदर अवस्थित होना चाहिए। एक छात्रावास के लिए एक से अधिक परिसर अनुमान्य नहीं होगा।
5. छात्रावास परिसर अलग होना चाहिए इसमें कोई अन्य गतिविधि का संचालन नहीं किया जा सकेगा।

### (II) छात्रावास में निम्नांकित व्यवस्था आवश्यक है :–

| विवरणी | विशेषता | |
|---|---|---|
| कमरा (Well Furnished) | • 2 Bed/ 3 Bed/ 4 Bed<br>• पंखा, बिजली, स्वच्छ पेयजल शौचालय एवं स्नानागार व्यवस्था के साथ<br>• एक कमरे में अधिकतम 04 (छात्र) के आवासन के अनुपात में लगभग 100 छात्र/छात्राओं के रहने हेतु। | |
| दो वर्ग कक्ष<br>(Two Class Room) | • पंखा, बिजली एवं Air Conditioner के साथ।<br>• दो शौचालय की व्यवस्था (एक विद्यार्थियों एवं एक शिक्षक के लिए)<br>• 50 विद्यार्थी के बैठने के लिए बेंच एवं डेस्क एवं पोडियम | एक JEE Class एवं एक NEET Class |

| विवरणी | विशेषता | |
|---|---|---|
| | के साथ | कुल – 02 |
| रसोईघर (मेस) | • परिसर के अंदर लगभग 100 छात्र/छात्राओं के लिए भोजन बनाने की व्यवस्था यथा एक रसोईघर ईंधन सहित आवश्यक है।<br>• रसोई सामग्री के भंडारण हेतु एक भंडार कक्ष भी आवश्यक है। | |
| लगभग 100 छात्र/छात्राओं के भोजन हेतु स्थान | • परिसर के अन्दर लगभग 100 छात्र/छात्राओं के भोजन हेतु पर्याप्त स्थान (कुर्सी/टेबुल के साथ) आवश्यक है। | |
| स्टाफ कक्ष | • परिसर के अन्दर एक स्टाफ कक्ष (15′ x 12′) आवश्यक है। | 01 |
| वार्डन कक्ष | • परिसर के अन्दर एक वार्डन कक्ष आवश्यक है, जिसमें निविदादाता द्वारा नियुक्त वार्डन रहेंगे। | 01 |
| सिक्यूरीटी गार्ड, सुरक्षा प्रहरी | • परिसर के अन्दर पर्याप्त संख्या में सुरक्षा प्रहरी आवश्यक है। बालिका छात्रावास में महिला सुरक्षा प्रहरी अनिवार्य है। | |
| हाउसकीपिंग/ साफ–सफाई | • सम्पूर्ण साफ–सफाई एवं हाउसकीपिंग की सेवाएं निविदादाता द्वारा किया जाएगा। | |
| बिजली शुल्क | • निविदा दाता द्वारा संपूर्ण परिसर के बिजली व्यवस्था के व्यय का वहन किया जाएगा। | |
| बिजली बैकअप / जनरेटर /इनवर्टर | • आवासीय एवं वर्ग कक्ष दोनों के लिए व्यवस्था होनी चाहिए। | |

**नोट** :– (1) छात्रावास में उपलब्ध कराये जाने वाले सामग्रियों तथा सेवाओं की विस्तृत विवरणी अनुलग्नक ''क'' पर संलग्न है।

(2) उपरोक्त तालिका में वर्णित सभी व्यवस्थाएं छात्रावास के लिए मानक है जो दोनों छात्रावास पर सामान रूप से लागू होंगे।

(3) छात्र/छात्राओं की संख्या प्रति छात्रावास लगभग 100 निर्धारित की गई है, परन्तु इस संख्या में कुछ कमी या परिवर्तन हो सकता है।

## (III) पेनाल्टी/दण्ड/जुर्माना :–

1. निविदादाता द्वारा उपलब्ध कराये गए छात्रावास तथा अन्य सुविधाएं असंतोषजनक पाए जाने की स्थिति में समिति दण्ड/जुर्माना अधिरोपित कर सकती है। संतोषजनक सेवा नहीं पाये जाने की स्थिति में एक माह की नोटिस देकर एकरारनामा को रद्द किया जा सकता है।

## (IV) निविदा समर्पित करने की प्रक्रिया एवं अंतिम तिथि:–

1. निविदा प्रपत्र समिति के website: https://biharboardonline.bihar.gov.in/ से डाउनलोड किया जा सकता है अथवा समिति के मुख्य भवन स्थित भंडार शाखा (माध्यमिक), सिन्हा लाईब्रेरी रोड, पटना से हाथों–हाथ भी प्राप्त किया जा सकता है।

2. निविदा प्रपत्र के साथ ₹10,000/- (दस हजार) रूपये का अग्रधन की राशि का बैंक ड्राफ्ट, सचिव, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के पदनाम से, जो पटना में भुगतेय हो, संलग्न करना अनिवार्य होगा। निविदा प्रक्रिया सम्पन्न होने के उपरान्त असफल निविदादाताओं को अग्रधन की राशि वापस कर दी जाएगी।
3. निविदादाता दिनांक **27.01.2024** को **04:00** बजे अपराह्न तक निविदा प्रपत्र (निविदा हेतु शर्त्तों के संदर्भ में वांछित साक्ष्यों के साथ) को पूर्णरूपेण भरते हुए बन्द लिफाफे को समिति कार्यालय के मुख्य भवन में अपर सचिव, भंडार (माध्यमिक) के कार्यालय कक्ष में हाथों–हाथ अथवा निबंधित डाक/ कुरियर/ स्पीड पोस्ट द्वारा भी उक्त तिथि तक जमा किया जा सकता है।
4. निविदा दाता लिफाफे पर सिर्फ **"छात्रों या छात्राओं (मात्र 100) के लिये छात्रावास उपलब्ध कराने हेतु निविदा"** अथवा **"छात्र (100) एवं छात्राओं (100) के लिये छात्रावास उपलब्ध करने हेतु निविदा"** अंकित करना सुनिश्चित करेंगे।
5. उक्त कार्य के लिए इच्छुक निविदादाता निम्नांकित वित्तीय निविदा प्रपत्र में प्रति विद्यार्थी प्रति दिन (सभी शुल्क एवं कर सहित) का दर समिति कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।
6. सचिव, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना को बिना कारण बताये निविदा रद्द करने का पूर्ण अधिकार होगा।

**(V) निविदा के साथ समर्पित किये जाने वाले अभिलेखों की सूची**

1. आधार कार्ड की सत्यापित छाया प्रति
2. पैन कार्ड की सत्यापित छाया प्रति
3. संबंधित मकान/ प्रोपर्टी का स्वामित्व / लीज संबंधी वैध दस्तावेज एवं पता की सत्यापित छाया प्रति
4. परिसर के व्यावसायिक उपयोग हेतु प्रमाण पत्र
5. अद्यतन होल्डिंग टैक्स रसीद की छायाप्रति
6. विगत्त तीन (03) वर्षों की आयकर विवरणी

**(VI)** निविदा के साथ प्रस्तावित छात्रावास में उपलब्ध सभी आधारभूत संरचनाओं का कम से कम पन्द्रह मिनट का वीडियोग्राफी पेन ड्राईव/ सी0डी0 में संलग्न किया जाय। साथ ही प्रस्तावित छात्रावास का नजरी नक्सा (Sight Map) भी संलग्न करें।

# वित्तीय निविदा प्रपत्र

## पार्ट–1 (सिर्फ आवासन हेतु)

| क्रम सं॰ | विवरणी | प्रति विद्यार्थी प्रति माह (अंकों मे) (सभी शुल्क एवं कर सहित) (Inclusive of All Fees and Taxes) |
|---|---|---|
| 01. | कंडिका–II में वर्णित सभी प्रकार के आधारभूत संरचना एवं अन्य सेवाओं के लिए दर। | ₹ ...................... |

## पार्ट–2 (भोजन सहित आवासन हेतु)

| क्रम सं॰ | विवरणी | प्रति विद्यार्थी प्रति माह (अंकों मे) (सभी शुल्क एवं कर सहित) (Inclusive of All Fees and Taxes) | | |
|---|---|---|---|---|
| | | आवासन दर | भोजन दर | भोजन सहित आवासन दर |
| 01. | कंडिका–II में वर्णित सभी प्रकार के आधारभूत संरचना एवं अन्य सेवाओं एवं भोजन व्यवस्था (**अनुलग्नक–''ख''** के अनुसार) के लिए दर | ₹ .................. | ₹ .................. | ₹ ................. |

**नियम एवं शर्तें :–**

1. निविदादाता द्वारा दिये गये प्रति विद्यार्थी दर के आलोक में समिति द्वारा छात्रावास का स्थलीय निरीक्षण किया जाएगा एवं छात्रावास के लोकेशन एवं उपयुक्तता के आधार पर समिति द्वारा अंतिम रूप से निर्णय लिया जाएगा।

2. सफल निविदादाता को निविदा फाइनल होने के उपरान्त समिति के साथ एकरारनामा करना होगा एवं बिहार वित्त नियमावली में निहित प्रावधानों के आलोक में नियमानुसार (Performance Security) जमा करना अनिवार्य होगा।

3. निविदादाता की संतोषजनक सेवा पाये जाने की स्थिति में आपसी सहमति के आधार पर प्राप्त दर में प्रतिवर्ष अधिकतम पांच प्रतिशत तक की वृद्धि की जा सकेगी। इस संदर्भ में समिति का निर्णय अंतिम होगा।

4. प्रथम बार एकरारनामा 03 (तीन) वर्ष के लिए किया जाएगा। संतोषजनक सेवा पाये जाने की स्थिति में तथा आवश्यकता होने पर दोनों पक्षों की सहमति होने पर एकरारनामा का विस्तार किया जा सकेगा।

**5.** छात्रावास में आवासित वास्तविक छात्र/छात्राओं द्वारा किए गए नाश्ता/भोजन की संख्या के आधार पर ही प्रतिमाह विपत्र का भुगतान समिति के द्वारा किया जाएगा।

6. यदि छात्रावास में उपलब्ध स्थान एवं संरचना को आवासन हित में विकसित करना आवश्यक हो तो ऐसी स्थिति में निविदादाता की सहमति के आधार पर समिति द्वारा अपने व्यय से उसे विकसित किया जा सकेगा और इस व्यय पर होने वाली राशि का किस्तवार समायोजन निविदादाता को देय मासिक विपत्र से किया जायेगा।

7. सिर्फ आवासन हेतु इच्छुक निविदादाता द्वारा वित्तीय बिड पार्ट–1 में दर अंकित कर समर्पित किया जायेगा, जबकि आवासन सहित भोजन उपलब्ध कराने हेतु इच्छुक निविदादाता द्वारा वित्तीय बिड पार्ट–2 में दर अंकित कर समर्पित किया जायेगा।

**8.** सफल निविदा दाता द्वारा प्राप्त विपत्र में से नियमानुसार आयकर की कटौती करते हुए भुगतान की कार्रवाई की जाएगी।

निविदा दाता का नाम : ....................................

निविदा दाता पता : ............................................

मोबाइल नंबर : ....................................................

ईमेल ID: .................................................................

# 1. CLASS ROOM

## Infrastructure and Accessories

1 A.C (2 Ton Each Class)
2 Inverter with Battery Backup
3 Light and Fan
4 Seating Arrangement (Desk & Bench for 50 students)
5 Podium and Dias (One Each Class)
6 Curtains
7 Door Mat
8 Dustbin (One Each Class)
9 Wall Clock (One Each Class)
10 R.O./Drinking water (Near Class Room)
11 CCTV connection
12 Intercom connection
13 Internet/Wi-Fi
14 Hit/All out
15 Fire Extinguisher

# 2. FACULTY / STAFF OFFICE

## Infrastructure and Accessories

1 Fridge
2 Thermos
3 Glass, Cup Plate, Tea coaster
4 Electric kettle
5 Almirah
6 Hand Wash
7 Drinking water
8 Wall Clock
9 CCTV and Intercom connection
10 06 Chairs
11 Washroom
12 Computer Set with printer
13 Internet/WiFi
14 Hit/All Out
15 Fire Extinguisher

## 3. HOSTEL AND WARDEN OFFICE

### Infrastructure and Accessories

1 Bed/ Chowki with Mosquito net stand & Mosquito net
2 Toilet (One for six students)
3 Study Table / Bed study table top
4 Bed Roll/Mattress/Bed sheet/Pillow Cover
5 Light & Fan
6 R.O. with water Cooler (80 ltr.)
7 Wall Clock
8 Inverter & Battery Backup, Battery Water etc.
9 Door Mat
10 CCTV, Display unit and Intercom connection
11 Dustbin for Each room & office, Paper weight for Office
12 Medical Kit
13 Door lock & Keys
14 Paper Stand
15 Notice Board, Notice board Pins
16 Curtains
17 Cup, Plate, Glass, Tray, Water Bottles
18 Gate pass
19 Thali, Plate, Glass, Spoon
20 Book shelf
21 Fire Extinguisher
22 Plumber & Electrician Backup

**अनुलग्नक – ख**

**छात्रावास में छात्र/छात्राओं को निम्न तालिका (MENU) के अनुसार जलपान/ भोजन की व्यवस्था की गई है:–**

| DAY | BREAKFAST | LUNCH | SNACKS | DINNER |
|---|---|---|---|---|
| **MONDAY** | Aalu Paratha + Tomato / Green Chutney, Fruits | Roti, Rice, Dal, Green veg, Salad | Boiled Aalu with Salty Curd ( Aalu Cut) | Roti, Green Veg, Egg Curry Milk (250 gm) |
| **TUESDAY** | Stuff Sandwich (Aalu with Paneer) Chutney, Fruits | Veg Pulao, Roti, Chana Dal, Green Veg, Salad | Suji Halwa | Roti, Kala Chana, Green Veg, Sevai, Salad Milk (250 gm) |
| **WEDNESDAY** | Sattu Paratha + Chutney, Curd, Fruits | Jeera Rice, Roti, Chicken Curry/Paneer Curry + Dal | Poha (Green Veg Mix/Sprout) + Chutney | Roti + Soyabean Curry, Salad Milk (250 gm) |
| **THURSDAY** | Roti + seasonal Green Vegetable, Curd, Fruits | Rice, Roti, Kadhi, Bari, Any veg, Salad | Bread Butter Toste/ Chutney | Roti, Dal, Green Veg, Salad Milk (250 gm) |
| **FRIDAY** | Omlet Bread / Stuff Sandwich (Aalu with Paneer) Chutney Fruits | Rice, Roti, Mix veg, Dal, Salad, Papad | Rosted Chura with Chana Ghughni | Roti, Chana Dal, Sabji, Salad Milk (250 gm) |
| **SATURDAY** | Paratha + seasonal Green Vegetable +Chutney, Fruits | Khichdi(Mix veg), Papad, Chutney, Curd, Achar + Chokha | Bhujja Mix.(roasted Chana, badam,Rosted Chhura) | Roti, Arhar Dal, Green Veg, Salad, Kheer |
| **SUNDAY** | Roti + Chhola/Rajma, Fruits | Chicken Curry/Mutor Paneer, Dal, Salad, Rice, Roti | Chhola Chat | Roti, Dal Tadka, Green Veg, Salad Milk (250 gm) |

**नोट :–फैकल्टी एवं अन्य के लिए प्रतिदिन दो बार चाय की व्यवस्था की जाएगी।**

निविदादाता उच्च गुणवत्ता वाले खाद्यान्न एवं सामग्रियों (fssai approved) की खरीद सुनिश्चित करेगा।

निविदाताता को केवल ब्रांडेड उच्च गुणवत्ता वाले कच्चे माल का उपयोग करना होगा।

---

निविदादाता को हर समय यह सुनिश्चित करना आवश्यक होगा कि वह केवल निर्दिष्ट ब्रांड एवं नवीनतम वैधता की सामग्री का ही उपयोग करता है।